Title : Need to give priority to over-aged Agricultural Researchers/ Investigators for employment in various Government projects including Indian Agricultural Research Institute.

श्रीमती रेनु कुमारी (खगड़िया) : कृाि के उत्तरोत्तर विकास के लिए भारत सरकार की विभिन्न परियोजनाओं में कार्य करते आ रहे कई वरिठ अनुसंधान कर्ता तथा सह अन्वोकों की आयु सीमा समाप्त हो जाने के कारण इनका भविय अंधकारमय हो जाता है। इन्हें अब न तो दूसरी जगह नौकरी मिलती है और न ही दूसरी परियोजनाओं में कार्य करने हेतु प्राथमिकता मिलती है। विभिन्न परियोजनाओं में कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं की इन्हीं समस्याओं को देखते हुए कुछ कृाि विश्व विद्यालयों ने इन्हें रिक्त पदों पर नियुक्ति भी की है। इन कार्यकर्ताओं के अनुभव एवं योग्यता के आधार पर भारतीय कृाि अनुसंधान संस्थान के विभिन्न इकाइयों में भी रिक्त स्थानों पर भर्ती की जानी चाहिए। भारत सरकार के विभिन्न परियोजनाओं के कार्य करने हेतु इन कार्यकर्ताओं को पुन: दूसरी परियोजनाओं में कार्य करने के लिए प्र ाथमिकता दी जानी चाहिए तथा इनकी आयु सीमा निर्धारण भी समाप्त की जानी चाहिए।